नए टर्मिनल-3 पर घरेलू उड़ानों का संचालन आज से

राहत

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। लखनऊ से सभी घरेलू फ्लाइटों का संचालन रविवार से एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 से होगा। बीते माह 2400 करोड़ रुपये से बनाए गए नए टर्मिनल का लोकार्पण किया गया था, लेकिन फ्लाइटों का संचालन रविवार से होगा। सभी प्रमुख एयरलाइंस ने सोशल मीडिया पर यात्रियों को रविवार से नए टर्मिनल-3 से जाने की सूचना दी है। इंडिगो ने एक वीडियो जारी कर यात्रियों को पूरा रूट समझाया है। नए टर्मिनल में डिपार्चर यानी प्रस्थान और अराइवल यानी आगमन के लिए अलग रास्ते हैं। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार अन्तरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए परिचालन फिलहाल पुराने टर्मिनल-1 से जारी रहेगा। टर्मिनल-3 के दूसरे चरण के निर्माण के दौरान पहले अन्तरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए इस नए टर्मिनल में व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद पुराना टर्मिनल-3 ध्वस्त कर दिया जाएगा। लखनऊ से 100 से अधिक घरेलू उड़ानें हैं।

- अन्तरराष्ट्रीय उड़ानें पुराने टर्मिनल-1 से जारी रहेंगी

24 सौ करोड़ की लागत से बना है टर्मिनल 3

01 सौ से अधिक घरेलू उड़ानें हैं लखनऊ से

- रविवार से घरेलू उड़ानें पूरी तरह टर्मिनल-3 से संचालित होंगी
- नए टर्मिनल में डिपार्चर और अराइवल के लिए अलग रास्ते हैं

आगमन के लिए नीचे से रास्ता

यदि यात्री को लेने जा रहे हैं तो लक्ष्मण चौक के आगे फ्लाईओवर के बगल से सीधे जाना होगा। आगे जा कर बाएं फिर दाएं मुड़ते हुए नए टर्मिनल-3 के निचले हिस्से में पहुंचेंगे।

रास्ता बताने के लिए सुरक्षा गार्ड तैनात

नए टर्मिनल तक पहुंचने में दिक्कत न हो, इसके लिए जगह-जगह सुरक्षा गार्ड होंगे। साइनेज भी लगाए गए हैं ताकि यात्रियों या उन्हें लेने-छोड़ने आने वालों को दिक्कत न होने पाए।

प्रस्थान के लिए फ्लाईओवर से जाएं

किसी उड़ान से जाना हो, यात्री को छोड़ने जा रहे हैं तो लक्ष्मण चौक के आगे फ्लाईओवर से जाना होगा। ऊपर प्रस्थान हॉल है, जहां यात्री को छोड़ने के बाद आगे फ्लाईओवर से उतरते हुए वापस लक्ष्मण चौक की ओर आने वाली सड़क मिल जाएगी।